| S.No. | District (ZSS) | 1995-96 | 1996-97 |
|---|---|---|---|
| 9. | Gorakhpur | 40,00,000 | |
| 10. | Banda | 1,48,65,000 | |
| 11. | Lucknow | 1,15,87,000 | |
| 12. | Bhadoi | 40,00,000 | |
| 13. | Ghaziabad | 13,64,000 | |
| 14. | Etah | 30,00,000 | |
| 15. | Aligarh | 1,39,20,000 | |
| 16. | Saharanpur | 10,00,000 | 64,17,000 |
| 17. | Balia | | 40,00,000 |
| 18. | Pauri Garwal | | 20,00,000 |
| 19. | Sonbhadra | | 43,00,000 |
| 20. | Nainital | | 18,00,000 |
| 21. | Udham Singh Nagar | | 43,50,000 |
| 22. | Haridwar | | 47,80,000 |
| 23. | Ambedkar Nagar | | 15,00,000 |
| 24. | Varanasi | | 51,00,000 |
| 25. | Bulandshahar | | 23,18,000 |

**उत्तर प्रदेश में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की परियोजनाएं**

**2956. श्रीमती मालती शर्मा: क्या मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की कौन-कौन सी परियोजनाओं को कार्यान्वित किया गया था और अब तक हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है;

(ख) उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को विचार के लिये अग्रेषित किए गए प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में की गई कार्यवाही का ब्यौरा क्या है?

**मानव संसाधन विकास मंत्रालय में शिक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री मुही राम सैकिया):** (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

**राष्ट्रीय महिला कोष को आवंटित धनराशि**

**2957. श्री दिलीप सिंह जूदेव: क्या मानव संसाधन विकास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1995-96 के दौरान राष्ट्रीय महिला कोष को कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ख) क्या संपूर्ण धनराशि देश में जरूरतमंद महिलाओं को उपलब्ध करा दी गई है; तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या जरूरतमन्द महिलाओं को ऐसी सहायता गैर-सरकारी संगठनों द्वारा भी उपलब्ध कराई जाती है;

(घ) यदि हां, तो इस संबंध में क्या मानदण्ड निर्धारित किए गए हैं, और

(ङ) क्या कोष से सहायता प्राप्त करने के लिए पंजीकृत संगठन का होना अनिवार्य है, यदि हां, तो इस उद्देश्य के लिये क्या प्रक्रिया अपनाई जा रही है?

**मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री एस॰ आर॰ बोम्मई):** (क) राष्ट्रीय महिला कोष के लिए वर्ष 1995-96 के बजट में एक लाख रुपये का सांकेतिक प्रावधान किया गया था। तथापि, कोष को कोरपस निधि प्रदान की गयी है, जिसमें वर्ष 1995-96 में 42 करोड़ रुपये का राशि उपलब्ध थी।

(ख) वर्ष 1995-96 में, 37,502 महिलाओं को ऋण प्रदान करने के लिए 48 गैर-सरकारी संगठनों को 861 लाख रुपये ऋण स्वीकृत किया गया। इस अवधि में, मुख्य स्कीम के अन्तर्गत 534.126 लाख रुपये वितरित किये गए, जिससे लगभग 24.270 महिलाए लाभान्वित हुई।

(ग) इस विभाग के पास इस आशय की कोई सूचना उपलब्ध नहीं है कि जरूरतमंद महिलाओं को अन्य गैर-सरकारी संगठनों द्वारा भी इस प्रकार की